Prepp
Your Personal Exams Guide

# PART - V / भाग - V
## ECONOMICS / अर्थशास्त्र

51. Arrange the following states in Ascending order according to decadal population growth (2001-2011).

(A) Rajasthan

(B) Madhya Pradesh

(C) Haryana

(D) Uttarakhand

(1) (D), (A), (C), (B)

(2) (D), (A), (B), (C)

(3) (D), (C), (A), (B)

(4) (D), (C), (B), (A)

51. दशकीय जनसंख्या वृद्धि (2001-2011) के अनुसार निम्नलिखित राज्यों को बढ़ते क्रम में लगायें।

(A) राजस्थान

(B) मध्य प्रदेश

(C) हरियाणा

(D) उत्तराखण्ड

(1) (D), (A), (C), (B)

(2) (D), (A), (B), (C)

(3) (D), (C), (A), (B)

(4) (D), (C), (B), (A)

52. According to Economic Survey 2022-23, which of the following is/are **correct** ?

(A) Urban unemployment rate declined from 20.9 percent during April - June 2020 to 7.2 percent during July - Sept. 2022.

(B) However, the GST paid by MSMEs during 2021 - 22 has been less than the pre-pandemic level.

(1) Both (A) and (B)

(2) Neither (A) nor (B)

(3) Only (A)

(4) Only (B)

52. आर्थिक सर्वेक्षण 2022 - 23 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा/से **सही** है/हैं ?

(A) अप्रैल–जून 2020 के दौरान शहरी बेरोजगारी दर 20.9 प्रतिशत से घटकर जुलाई – सितम्बर 2022 में 7.2 प्रतिशत रह गयी है।

(B) लेकिन वर्ष 2021 - 22 के दौरान MSME द्वारा चुकाया गया जीएसटी, कोविड महामारी के पूर्व काल से कम रहा है।

(1) (A) एवं (B) दोनों

(2) न (A) और न ही (B)

(3) केवल (A)

(4) केवल (B)

Prepp
Your Personal Exams Guide

53. Read the following statements and choose the **correct** one :

(A) India's exports surged in financial year 2021-22 which helped India in increasing its share in World Merchandise exports.

(B) However, due to negative global trade growth during second half of 2022, India's exports is likely to sluggish during 2023-24.

(1) Both (A) and (B) are correct
(2) Both (A) and (B) are incorrect
(3) Only (A) is correct
(4) Only (B) is correct

54. India's Population is increasing despite significant decline in fertility rates because of :

(A) Decline in Death rate
(B) Increase in Life expectancy
(C) Better Living Conditions
(D) Increase in Infant Mortality rate

Choose the **correct** option from below :

(1) Only (A), (B) and (C) are correct
(2) Only (B) and (D) are correct
(3) Only (B) and (C) are correct
(4) Only (A) and (C) are correct

55. Arrange the following states in descending order according to female literacy rate as per census 2011.

(A) West Bengal
(B) Gujarat
(C) Himachal Pradesh
(D) Tamil Nadu

(1) (C), (D), (B), (A)
(2) (C), (D), (A), (B)
(3) (D), (C), (A), (B)
(4) (D), (C), (B), (A)

53. निम्नलिखित कथनों को पढ़कर **सही** विकल्प का चयन करें :

(A) वित्तीय वर्ष 2021 - 22 में भारत का निर्यात बढ़ा जिससे भारत को विश्व में वस्तु निर्यात में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने में सहायता मिली।

(B) लेकिन, 2022 के दूसरे चरण में वैश्विक व्यापार वृद्धि दर ऋणात्मक होने के कारण, 2023-24 में भारत के निर्यात सुस्त होने के आसार हैं।

(1) (A) एवं (B) दोनों सही हैं।
(2) (A) एवं (B) दोनों गलत हैं।
(3) केवल (A) सही है।
(4) केवल (B) सही है।

54. प्रजनन् दर में काफी गिरावट के बावजूद भारत की जनसंख्या इस कारण से बढ़ रही है :

(A) मृत्यु दर में कमी
(B) जीवन आयु सीमा में बढ़ोत्तरी
(C) अच्छा जीवन स्तर
(D) शिशु मृत्यु दर में वृद्धि

**सही** विकल्प का चयन करें :

(1) केवल (A), (B) एवं (C) सही हैं।
(2) केवल (B) एवं (D) सही हैं।
(3) केवल (B) एवं (C) सही हैं।
(4) केवल (A) एवं (C) सही हैं।

55. जनगणना 2011 के अनुसार निम्नलिखित राज्यों को महिला की साक्षरता दर के अनुसार घटते क्रम में लगायें।

(A) पश्चिम बंगाल
(B) गुजरात
(C) हिमाचल प्रदेश
(D) तमिलनाडू

(1) (C), (D), (B), (A)
(2) (C), (D), (A), (B)
(3) (D), (C), (A), (B)
(4) (D), (C), (B), (A)

Prepp
Your Personal Exams Guide

56. A commodity having no close substitute available will have :

(1) A very less price elasticity

(2) Infinity price elasticity

(3) A very high price elasticity

(4) Zero elasticity

57. If a non-vegetarian consumer turns to be Vegan; demand for non-vegetarian items for this consumer will :

(1) Move up on the same demand curve

(2) Move down on the demand curve

(3) Shift downward

(4) Shift upward

58. Indifference curve analysis is based on :

(1) Ordinal Measurement of Utility and on $IMRS_{xy}$.

(2) Cardinal Measurement of Utility and on $IMRS_{xy}$.

(3) Cardinal Measurement of Utility and on $DMRS_{xy}$.

(4) Ordinal Measurement of Utility and on $DMRS_{xy}$.

59. Which of the following is **not** included in $M_3$ Measure of Money supply ?

(1) Time deposits with Banks

(2) Demand deposits with Post offices

(3) Cash with Public

(4) Demand deposits with Banks

56. एक वस्तु जिसका कोई निकटतम स्थानापन्न उपलब्ध नहीं होता ऐसी वस्तु की :

(1) बहुत कम कीमत लोचशीलता होगी।

(2) अनंत कीमत लोचशीलता होगी।

(3) कीमत लोचशीलता बहुत अधिक होगी।

(4) शून्य के बराबर लोचशीलता होगी।

57. यदि एक मांसाहारी उपभोक्ता शाकाहारी बन जाता है तो इस उपभोक्ता के लिए मांसाहारी वस्तुओं की माँग वक्र :

(1) उसी माँग वक्र पर ऊपर की ओर चलायमान होगा।

(2) उसी माँग वक्र पर नीचे की ओर चलायमान होगा।

(3) नीचे की ओर खिसकेगा।

(4) ऊपर की ओर खिसकेगा।

58. अनाधिमान वक्र विश्लेषण किस पर आधारित है ?

(1) उपयोगिता के क्रमवाचक माप एवम् $IMRS_{xy}$ पर।

(2) उपयोगिता के संख्यावाचक माप एवम् $IMRS_{xy}$ पर।

(3) उपयोगिता के संख्यावाचक माप एवम् $DMRS_{xy}$ पर।

(4) उपयोगिता के क्रमवाचक माप एवम् $DMRS_{xy}$ पर।

59. मुद्रा पूर्ति के $M_3$ माप में निम्न में से किसको शामिल **नहीं** किया जाता है ?

(1) बैंकों के पास समय जमाएँ

(2) डाक घरों में मांग जमाएँ

(3) जनता के पास नगदी

(4) बैंकों के पास मांग जमाएँ

Prepp
Your Personal Exams Guide

60. If the consumer income is equal to ₹ 200 and $P_X = 20$ and $P_Y = 10$. Intercepts of $x$-axis and $y$-axis for a Budget line will be equal to :

(1) 0 X and 20 Y

(2) 10 X and 0 Y

(3) 10 X and 20 Y

(4) 20 X and 10 Y

60. यदि उपभोक्ता की आय 200 रुपये तथा $P_X = 20$ एवम् $P_Y = 10$ है। बजट रेखा के $x$-अक्षांश एवं $y$-अक्षांश पर स्पर्श बिंदु किसके बराबर होंगे ?

(1) 0 X एवम् 20 Y

(2) 10 X एवम् 0 Y

(3) 10 X एवम् 20 Y

(4) 20 X एवम् 10 Y

61. Identify the correct formula for price elasticity of demand :

(1) $\frac{\Delta Q}{\Delta P} \cdot \frac{P}{Q}$

(2) $\frac{\Delta P}{Q} \cdot \frac{\Delta Q}{Q}$

(3) $\frac{\Delta Q}{\Delta P} \cdot \frac{Q}{P}$

(4) $\frac{\Delta P}{\Delta Q} \cdot \frac{P}{Q}$

61. मांग की कीमत लोच के सही सूत्र की पहचान करें :

(1) $\frac{\Delta Q}{\Delta P} \cdot \frac{P}{Q}$

(2) $\frac{\Delta P}{Q} \cdot \frac{\Delta Q}{Q}$

(3) $\frac{\Delta Q}{\Delta P} \cdot \frac{Q}{P}$

(4) $\frac{\Delta P}{\Delta Q} \cdot \frac{P}{Q}$

62. In the short-run if TP is maximum; MP at this point will be :

(1) Negative

(2) Equal to 1

(3) Maximum

(4) Zero

62. अल्पकाल में यदि TP अधिकतम् हो तो इस बिंदु पर MP :

(1) ऋणात्मक होगा।

(2) इकाई के बराबर होगा।

(3) अधिकतम् होगा।

(4) शून्य होगा।

63. If good X and good Y are perfect substitute the shape of IC would be :

(1) Convex to origin

(2) Straight line

(3) L-Shape

(4) U-Shape

63. यदि X एवम् Y वस्तु पूर्ण स्थानापन्न हो तो IC की आकृति कैसी होगी ?

(1) मूल बिंदु की उन्नतोदर

(2) सीधी रेखा

(3) L-आकृति

(4) U-आकृति

Prepp
Your Personal Exams Guide

**64.** At zero level of output; short-run TC will be :

(1) Equal to TFC

(2) Equal to AFC

(3) Equal to zero

(4) Equal to TVC

**65.** Suppose MC > AC; in this situation AC would be :

(1) Constant

(2) Rising/Increasing

(3) Minimum

(4) Falling/declining

**66.** In the case of Giffen Goods; demand curve will be :

(1) Both (3) and (4)

(2) Downward sloping

(3) Positively sloped and are exception to the law of Demand

(4) Negatively sloped and are exception to the law of Demand

**67.** A right angled Indifference curve occurs if :

(1) Two goods are perfect substitute.

(2) Two goods are perfect complement.

(3) Two goods are normal.

(4) Two goods are Giffens goods.

**64.** शून्य उत्पाद के स्तर पर अल्पकालीन TC किसके बराबर होगी ?

(1) TFC के बराबर

(2) AFC के बराबर

(3) शून्य के बराबर

(4) TVC के बराबर

**65.** मान लीजिए MC > AC; इस अवस्था में AC :

(1) एक समान होगी।

(2) बढ़ रही होगी।

(3) न्यूनतम होगी।

(4) गिरती हुई होगी।

**66.** गिफ्फन वस्तुओं के संदर्भ में, माँग वक्र :

(1) (3) एवं (4) दोनों।

(2) ऊपर से नीचे की ओर ढलानवाला होता है।

(3) धनात्मक ढालवाला एवं माँग के नियम का अपवाद होता है।

(4) ऋणात्मक ढलानवाला एवं माँग के नियम का अपवाद होता है।

**67.** एक समकोण वाला अनाधिमान वक्र होगा जब :

(1) दोनों वस्तुएँ पूर्ण स्थानापन्न हों।

(2) दोनों वस्तुएँ पूर्ण पूरक हों।

(3) दोनों वस्तुएँ सामान्य हों।

(4) दोनों वस्तुएँ गिफ्फन हों।

Prepp
Your Personal Exams Guide

68. Read the following statements carefully and choose the **correct** option :

(A) In case of IC approach analysis marginal utility and price ratios of the commodities should be equal and MRS should be diminishing at the point of equilibrium.

(B) In case of two commodities using diminising Marginal Utility approach $\frac{MU_X}{MU_Y} = \frac{P_x}{P_y}$ will indicate equilibrium.

(1) Only (A) is correct
(2) Only (B) is correct
(3) Both are incorrect
(4) Both are correct

69. Which one is **correct** ?

(A) In the short-run ratio of factors of production is variable but the scale of production is fixed.

(B) In the long-run ratio of factors of production is fixed but the scale of production is variable.

(1) Only (A) is correct
(2) Only (B) is correct
(3) Both are incorrect
(4) Both are correct

70. For a illetrate consumer who is netural to the books, X commodity being sweets and Y commodity being books; the shape of IC for this consumer will be :

(1) Convex to the origin.
(2) Cannot be constructed.
(3) Horizontal line parallel to Y-axis.
(4) Vertical Line parallel to X-axis.

68. निम्न कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़कर **सही** विकल्प चुनें :

(A) अनाधिमान वक्र विश्लेषण के संदर्भ में वस्तुओं की सीमान्त उपयोगिता एवं कीमतों का अनुपात समान होना चाहिए एवं संतुलन बिन्दु पर MRS घटती हुई होनी चाहिए।

(B) घटती सीमान्त उपयोगिता विश्लेषण के अनुसार दो वस्तुओं के उपयोग की स्थिति में $\frac{MU_X}{MU_Y} = \frac{P_x}{P_y}$ संतुलन दर्शाता है।

(1) केवल (A) सही है।
(2) केवल (B) सही है।
(3) दोनों गलत हैं।
(4) दोनों सही हैं।

69. कौन सा **सही** है ?

(A) अल्पकाल में उत्पादन के साधनों का अनुपात परिवर्तनशील होता है लेकिन उत्पादन का पैमाना स्थिर होता है।

(B) दीर्घकाल में उत्पादन के साधनों का अनुपात स्थिर होता है लेकिन उत्पादन का पैमाना परिवर्तनशील होता है।

(1) केवल (A) सही है।
(2) केवल (B) सही है।
(3) दोनों गलत हैं।
(4) दोनों सही हैं।

70. एक अनपढ़ उपभोक्ता जो कि किताबों के प्रति तटस्थ है, X वस्तु मिठाई है एवं Y वस्तु किताबें है; तो इस उपभोक्ता के लिए अनाधिमान वक्र का आकार क्या होगा ?

(1) मूल बिन्दु की ओर उन्नतोदर।
(2) बनाना सम्भव नहीं है।
(3) Y-अक्षांश के समानान्तर क्षैतिजीय।
(4) X-अक्षांश के समानान्तर लंबवत।

Prepp
Your Personal Exams Guide

71. Suppose consumption function of an economy is $C = 50 + 0.75\ yd$. Tax is $T = 100$ crore. What will be the value of investment multiplier ?
(1) 4.5
(2) 5
(3) 3
(4) 4

72. Time period for fourth five year plan in India was :
(1) 1 April 1970 to 31 March 1975
(2) 1 April 1980 to 31 March 1985
(3) 1 April 1961 to 31 March 1966
(4) 1 April 1969 to 31 March 1974

73. Incremental capital output ratio (ICOR) is defined as :
(1) $\frac{\text{Increment in Capital}}{\text{Increment in Output}}$
(2) $\frac{\text{Increment in Capital}}{\text{Increment in Savings}}$
(3) $\frac{\text{Increment in Output}}{\text{Increment in Capital}}$
(4) $\frac{\text{Increment in Capital}}{\text{Increment in Income}}$

74. Choose the **correct** option :
(A) India, China and Pakistan unveiled First Five Year Plan in 1951, 1953 and 1956 respectively.
(B) Upto early 1980s per capita income of these countries were very comparable and nearer to each other.
(1) Only (A) is correct
(2) Only (B) is correct
(3) Both are correct
(4) Both are incorrect

71. मान लीजिए एक अर्थव्यवस्था का उपभोग फलन $C = 50 + 0.75\ yd$ है एवं कर $T = 100$ करोड़ है, तो निवेश गुणांक का मूल्य क्या होगा ?
(1) 4.5
(2) 5
(3) 3
(4) 4

72. भारत में चौथी पंचवर्षीय योजना का समयकाल था :
(1) 1 अप्रैल 1970 से 31 मार्च 1975
(2) 1 अप्रैल 1980 से 31 मार्च 1985
(3) 1 अप्रैल 1961 से 31 मार्च 1966
(4) 1 अप्रैल 1969 से 31 मार्च 1974

73. वृद्धिशील पूँजी उत्पादन अनुपात (ICOR) को परिभाषित इसके द्वारा किया जाता है :
(1) $\frac{\text{पूँजी में वृद्धि}}{\text{उत्पादन में वृद्धि}}$
(2) $\frac{\text{पूँजी में वृद्धि}}{\text{बचत में वृद्धि}}$
(3) $\frac{\text{उत्पादन में वृद्धि}}{\text{पूँजी में वृद्धि}}$
(4) $\frac{\text{पूँजी में वृद्धि}}{\text{आय में वृद्धि}}$

74. **सही** विकल्प का चयन करें।
(A) भारत, चीन एवं पाकिस्तान ने क्रमशः अपनी पहली पंचवर्षीय योजना की शुरुआत 1951, 1953 एवं 1956 में किया।
(B) 1980 के दशक के शुरुआत तक इन देशों की प्रति व्यक्ति आय लगभग बराबर एवं तुलना योग्य थी।
(1) केवल (A) सही है।
(2) केवल (B) सही है।
(3) दोनों सही हैं।
(4) दोनों गलत हैं।

Prepp
Your Personal Exams Guide

75. When Minimum Support Price (MSP) announced by Govt. is above market price; it will be a situation of :

(1) Effective price floor and of Excess Demand

(2) Effective price ceiling and of Excess Demand

(3) Effective price floor and of Excess Supply

(4) Effective price ceiling and of Excess Supply

75. जब सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) बाजार कीमत से अधिक हो तो ऐसी अवस्था में :

(1) प्रभावपूर्ण न्यूनतम कीमत एवं मांग आधिक्य होगा।

(2) प्रभावपूर्ण अधिकतम कीमत एवं मांग आधिक्य होगा।

(3) प्रभावपूर्ण न्यूनतम कीमत एवं पूर्ति आधिक्य होगा।

(4) प्रभावपूर्ण अधिकतम कीमत एवं पूर्ति आधिक्य होगा।

76. Choose the correct statement regarding Finance Commission of India.

(A) Apart from its Chairman, the Commission will have four members.

(B) The Parliament determines legally the qualifications of the members of the Commission.

(1) Both (A) and (B) are correct

(2) Neither (A) nor (B) is correct

(3) Only (A) is correct

(4) Only (B) is correct

76. भारतीय वित्त आयोग के संदर्भ में सही कथन का चयन करें।

(A) आयोग में अध्यक्ष के अलावा चार सदस्य होते हैं।

(B) आयोग के सदस्यों की योग्यताएँ कानूनन संसद द्वारा निर्धारित की जाती है।

(1) (A) एवं (B) दोनों सही हैं।

(2) न (A) और न ही (B) सही है।

(3) केवल (A) सही है।

(4) केवल (B) सही है।

77. Choose the correct option :

(A) Great Leap Forward (GLP) Campaign was launched in 1958 by China.

(B) It was initiated for Industrialization on a massive scale.

(1) Both are correct

(2) Both are incorrect

(3) Only (A) is correct

(4) Only (B) is correct

77. सही विकल्प का चयन करें :

(A) ग्रेट लीप फारवर्ड (GLP) अभियान चीन द्वारा 1958 में शुरू किया गया।

(B) इसकी शुरुआत बड़े पैमाने पर औद्योगिकरण के लिए किया गया था।

(1) दोनों सही हैं।

(2) दोनों गलत हैं।

(3) केवल (A) सही है।

(4) केवल (B) सही है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

78. Read the following statements and choose the **correct** one :

(A) Monetary Policy is discretionary measure undertaken by the authorities to influence availability and cost of money.

(B) Repo rate is a long-term whereas Bank rate is a short-term measure to influence the availability and cost of money.

(1) Only (A) is correct
(2) Only (B) is correct
(3) Both are correct
(4) Both are incorrect

78. निम्न कथनों को पढ़कर **सही** विकल्प का चयन करें :

(A) मौद्रिक नीति संस्थाओं के द्वारा मुद्रा की उपलब्धता एवम् लागत को प्रभावित करने का विवेकपूर्ण उपकरण है।

(B) रेपो रेट मुद्रा की उपलब्धता एवम् लागत को प्रभावित करने का दीर्घकालीन जबकि बैंक दर अल्पकालीन उपकरण है।

(1) केवल (A) सही है
(2) केवल (B) सही है
(3) दोनों सही हैं
(4) दोनों गलत हैं

79. Sale of fixed assets to foreigners and borrowing from them are :

(1) Exports of goods
(2) Imports of goods
(3) Capital receipts
(4) Capital payment

79. विदेशियों को स्थायी परिसम्पत्तियाँ बेचना एवम् उनसे उधार लेना :

(1) वस्तुओं का निर्यात है।
(2) वस्तुओं का आयात है।
(3) पूँजीगत प्राप्तियाँ हैं।
(4) पूँजीगत भुगतान हैं।

80. Read the following statements and choose the **correct** option :

(A) The Statutory Liquidity Ratio (SLR) is the percentage of deposits to be kept in cash reserve or gold by commercial banks with RBI.

(B) Increase in SLR will reduce the loanable funds and hence will control the money supply.

(1) Only (A) is correct.
(2) Only (B) is correct.
(3) Both are correct.
(4) Both are incorrect.

80. निम्न कथनों को पढ़कर **सही** विकल्प का चयन करें :

(A) वैधानिक तरलता अनुपात (SLR) वाणिज्य बैंकों द्वारा अपने जमाएँ का वह अनुपात है जिसको यह RBI के पास नकदी या सोना के रूप में रखते हैं।

(B) SLR में वृद्धि ऋणयोग्य फण्डों में कमी करेंगे और इसके फलस्वरूप मुद्रा की पूर्ति पर नियंत्रण होगा।

(1) केवल (A) सही है।
(2) केवल (B) सही है।
(3) दोनों सही हैं।
(4) दोनों गलत हैं।

81. Which of the following index overestimates price rise ?
(1) Fisher's index
(2) Bowles' index
(3) Laspeyre's index
(4) Paasche's index

82. Aggregate Monetary Resources (AMR) includes :
(A) Time deposits of Commercial Banks
(B) Demand Deposits
(C) Currency held by the Public
(1) (B) and (C) only
(2) All (A), (B) and (C)
(3) Only (A)
(4) (A) and (B) only

83. Experiential learning includes :
(A) Arts-integrated learning
(B) Hands-on learning
(C) Sports-integrated learning
(1) Only (A) and (C)
(2) All (A), (B) and (C)
(3) Only (A) and (B)
(4) Only (B) and (C)

84. Choose the correct option in reference to NEP 2020.
(A) PARAKH is a new proposed National Assessment Centre to assess the levels of student learning.
(B) DIKSHA is technology based platform for e-learning.
(1) Both are correct
(2) Both are incorrect
(3) Only (A) is correct
(4) Only (B) is correct

81. निम्न में से कौन-सा सूचकांक कीमत वृद्धि का उच्च आकलन करता है ?
(1) फ़िशर का सूचकांक
(2) बाऊल का सूचकांक
(3) लेस्पेर्य का सूचकांक
(4) पाशे का सूचकांक

82. समग्र मौद्रिक संसाधन (AMR) में शामिल है :
(A) व्यवसायिक बैंकों के पास समय जमाएँ।
(B) मांग जमाएँ।
(C) जनता के पास नगदी।
(1) केवल (B) एवं (C)
(2) (A), (B) एवं (C) सभी
(3) केवल (A)
(4) केवल (A) एवं (B)

83. अनुभवात्मक शिक्षा में शामिल है :
(A) कला-संघटित शिक्षण
(B) प्रायोगिक शिक्षण
(C) खेल संघटित शिक्षण
(1) केवल (A) एवम् (C)
(2) (A), (B) एवम् (C) सभी
(3) केवल (A) एवम् (B)
(4) केवल (B) एवम् (C)

84. एन ई पी 2020 के संदर्भ में सही विकल्प को चुनें :
(A) परख (PARAKH) छात्रों के सीखने के स्तर का आंकलन करने हेतु एक नया प्रस्तावित राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र है।
(B) दीक्षा (DIKSHA) ई-लर्निंग हेतु प्रौद्योगिक आधारित मंच है।
(1) दोनों सही हैं
(2) दोनों गलत हैं
(3) केवल (A) सही है
(4) केवल (B) सही है

Prepp
Your Personal Exams Guide

85. 'Special Education' is related to :
(1) Education for disabled
(2) Special training for economically weak students
(3) Special training program for teachers
(4) Educational program for talented students

85. 'विशेष शिक्षा' का संबंध है :
(1) विकलांगों के लिए शिक्षा
(2) आर्थिक तंगी के छात्रों के लिए विशेष प्रशिक्षण
(3) शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम
(4) प्रतिभाशाली छात्रों के लिए शैक्षिक कार्यक्रम

86. "A student learns from his/her own mistakes". This statement is based on which of the following learning theory ?
(1) Trial and Error
(2) Contemporary
(3) Classical
(4) Instrumental

86. "एक विद्यार्थी अपनी गलतियों से ही सीखता है।" यह कथन निम्नलिखित में से किस शिक्षण सिद्धान्त पर आधारित है ?
(1) परीक्षण एवम् त्रुटि विधि
(2) समकालीन
(3) परम्परागत
(4) साधक

87. NEP 2020 aims to :
(A) Attaining foundational literacy and numeracy for all children.
(B) Curtailing dropout rates at all levels of education.
(C) Restructuring only school education but not higher education.
(1) Only (A) and (B) are correct
(2) Only (B) and (C) are correct
(3) Only (A) is correct
(4) Only (B) is correct

87. एन ई पी 2020 का लक्ष्य है :
(A) सभी बच्चों के लिए मूलभूत साक्षरता एवम् संख्यात्मक ज्ञान प्राप्त करना।
(B) शिक्षा के सभी स्तरों पर ड्रॉप आऊट दर में कमी लाना।
(C) केवल स्कूली शिक्षा का पुनर्गठन करना लेकिन उच्च शिक्षा का नहीं।
(1) केवल (A) एवम् (B) सही है
(2) केवल (B) एवम् (C) सही है
(3) केवल (A) सही है
(4) केवल (B) सही है

88. By reducing curriculum content in each subject, the NEP 2020 wants to make space for :
(A) Critical thinking based learning
(B) Inquiry-based learning
(C) Discussion-based learning
(D) Analysis-based learning
(1) Only (A), (B) and (C)
(2) (A), (B), (C) and (D) all
(3) Only (A) and (B)
(4) Only (C) and (D)

88. प्रत्येक विषय की पाठ्यक्रम सामग्री कम करके, एन ई पी 2020 निम्न में से किसके लिए स्थान देना चाहती है ?
(A) आलोचनात्मक सोच आधारित शिक्षा
(B) अनुसंधान आधारित शिक्षा
(C) चर्चा आधारित शिक्षा
(D) विश्लेषण आधारित शिक्षा
(1) केवल (A), (B) एवम् (C)
(2) (A), (B), (C) एवम् (D) सभी
(3) केवल (A) एवम् (B)
(4) केवल (C) एवम् (D)

Prepp
Your Personal Exams Guide

89. Choose the correct statement regarding NEP 2020.

(A) The foundational stage consists of 5 years of flexible, multilevel and play/ activity based learning.

(B) The foundational stage is further divided in three parts; 1 year of pre-school, 2 years of pre-primary and 2 years of primary school till Grade-3.

(1) Both are correct
(2) Both are incorrect
(3) Only (A) is correct
(4) Only (B) is correct

90. Which of the following is not a factor of motivation for a child ?

(1) Practice
(2) Prize
(3) Praise
(4) Incentive

91. Pedagogy is the study of :

(1) Supervisory Method
(2) Learning Method
(3) Teaching Method
(4) Guiding Method

92. Which of the following does not indicate child's emotion ?

(1) Pleasure
(2) Tolerance
(3) Sorrow
(4) Curiosity

89. एन ई पी 2020 के संबंध में सही विकल्प चुनिये :

(A) मूलभूत चरणों में पाँच वर्ष की लचीली, बहुस्तरीय एवम् खेल/गतिविधि आधारित शिक्षा शामिल है।

(B) मूलभूत चरण को आगे तीन भागों में विभाजित किया गया है; एक वर्ष प्री-स्कूल, दो वर्ष प्री-प्राइमरी एवम् दो वर्ष की प्राइमरी स्कूल कक्षा तीन तक।

(1) दोनों सही हैं
(2) दोनों गलत हैं
(3) केवल (A) सही है
(4) केवल (B) सही है

90. निम्नलिखित में से कौन-सा एक बच्चे के लिए प्रेरणा का कारक नहीं है ?

(1) अभ्यास
(2) पुरस्कार
(3) प्रशंसा
(4) प्रोत्साहन

91. शिक्षाशास्त्र __________ का अध्ययन है।

(1) पर्यवेक्षी विधि
(2) सीखने की विधि
(3) शिक्षण विधि
(4) मार्गदर्शन विधि

92. निम्नलिखित में से कौन-सा शिशु की भावना को नहीं दर्शाता है ?

(1) प्रसन्नता
(2) सहनशीलता
(3) दु:ख
(4) जिज्ञासा

93. Which of the following is **correct** regarding NIPUN Bharat Mission ?

(A) This National Mission was launched on 5th July 2021.

(B) This mission targets for foundational literacy and numeracy starting from Balvatika upto age group of 9 years.

(1) Both (A) and (B)

(2) Neither (A) nor (B)

(3) Only (A)

(4) Only (B)

94. As per PLFS - 2019-20, data, which of the statement(s) is/are **correct** ?

(A) Of the total new workers added in 2019-20, 71 percent were in agriculture sector.

(B) Manufacturing sector added only 2.41 percent of new workers in 2019-20.

(1) Both (A) and (B)

(2) Neither (A) nor (B)

(3) Only (A)

(4) Only (B)

95. Which of the following is **correct** ?

(A) Crop diversification can promote sustainable agriculture, reduction in import dependence and higher incomes for the farmers.

(B) However, it does not have any effect on water use efficiency and sustainability of soil health.

(1) Both (A) and (B)

(2) Neither (A) nor (B)

(3) Only (A)

(4) Only (B)

93. निपुन (NIPUN) भारत मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा **सही** है ?

(A) इस मिशन की शुरुआत 5 जुलाई 2021 को की गई।

(B) इस मिशन का लक्ष्य बालवाटिका से 9 वर्ष की आयु तक की आधारभूत साक्षरता एवं अंकज्ञान विकसित करना है।

(1) (A) एवं (B) दोनों

(2) न (A) एवं न ही (B)

(3) केवल (A)

(4) केवल (B)

94. PLFS - 2019 - 20 के आंकड़ों के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन **सही** है/हैं ?

(A) 2019-20 में सम्मिलित नये श्रमिक में से 71 प्रतिशत कृषि क्षेत्र में सम्मिलित हुए।

(B) 2019-20 में नये श्रमिकों का केवल 2.41 प्रतिशत विनिर्माण क्षेत्र में सम्मिलित हुए।

(1) (A) एवं (B) दोनों

(2) न (A) और न ही (B)

(3) केवल (A)

(4) केवल (B)

95. निम्नलिखित में से कौन सा **सही** है ?

(A) फसल विविधीकरण सतत् कृषि को बढ़ावा दे सकता है, आयात पर निर्भरता कम कर सकता है एवं किसानों के लिए अधिक आय जुटा सकता है।

(B) हलांकि, जल प्रयोग दक्षता एवं भूमि स्वास्थ्य की सततता पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

(1) (A) एवं (B) दोनों

(2) न (A) और न ही (B)

(3) केवल (A)

(4) केवल (B)

Prepp
Your Personal Exams Guide

96. Which of the following is/are **not** correct in case of a two sector economy ?

(A) The aggregate consumption by the households of the economy is less than the aggregate expenditure on goods and services produced by the firms in the economy.

(B) The factor income is always equal to the aggregate consumption expenditure.

(1) Both (A) and (B)
(2) Neither (A) nor (B)
(3) Only (A)
(4) Only (B)

96. दो क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से सही **नहीं** है ?

(A) एक अर्थव्यवस्था में, गृहस्थ क्षेत्र द्वारा समग्र उपभोग उसी अर्थव्यवस्था में फर्म द्वारा उत्पादित वस्तु एवं सेवाओं पर किया गया समग्र व्यय से कम होता है।

(B) साधन आय हमेशा समग्र उपभोग व्यय के समान होता है।

(1) (A) एवं (B) दोनों
(2) न (A) और न ही (B)
(3) केवल (A)
(4) केवल (B)

97. According to Situation Assessment Survey (SAS) report 2021, what is the share of net receipts from crop production in average monthly income of agricultural households ?

(1) 37 percent
(2) 28 percent
(3) 62 percent
(4) 49 percent

97. स्थिति आंकलन सर्वेक्षण (SAS) रिपोर्ट 2021 के अनुसार, कृषक गृहस्थों की औसत मासिक आय में फसल उत्पादन से प्राप्त शुद्ध प्राप्तियों का क्या योगदान है ?

(1) 37 प्रतिशत
(2) 28 प्रतिशत
(3) 62 प्रतिशत
(4) 49 प्रतिशत

98. As per NFHS-5 (2019-21), which of the following statement(s) is/are **correct** ?

(A) NFHS-5 shows that in India all child nutrition indicators have improved at all India level.

(B) However, proportion of pregnant women in the age group 15-49, who are anaemic has increased as compared to NFHS-4 (2015-16).

(1) Both (A) and (B)
(2) Neither (A) nor (B)
(3) Only (A)
(4) Only (B)

98. NFHS-5 (2019-21) के अनुसार निम्न में से कौन सा/से कथन **सही** है/हैं ?

(A) NFHS-5 दर्शाता है कि भारत में शिशु पोषण के सभी सूचकांक पूरे भारत के स्तर पर बेहतर हुए हैं।

(B) लेकिन, 15-49 आयु वर्ग की गर्भवती महिलाओं का अनुपात जिसमें खून की कमी है, NFHS-4 (2015-16) की तुलना में बढ़ गया है।

(1) (A) और (B) दोनों सही हैं
(2) न (A) और न ही (B)
(3) केवल (A) सही है
(4) केवल (B) सही है

Prepp
Your Personal Exams Guide

99. Which of the following is/are **correct** ?

(A) Stocks are measured at a particular point of time whereas flows are measured over a period of time.

(B) However, a change in stock in measured over a specific period of time.

(1) Neither (A) nor (B)
(2) Both (A) and (B)
(3) Only (A)
(4) Only (B)

100. Match the following measures to prevent distress during Covid with their policy.

| | (Measures) | | (Policy) |
|---|---|---|---|
| (A) | Cash Transfer | (i) | DDU - GKY |
| (B) | Food Security | (ii) | PM - KISAN |
| (C) | Skill Development | (iii) | Credit Guarantee Scheme |
| (D) | MSMEs | (iv) | One Nation One Ration Card |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

101. Which of the following is **not** correct ?

(1) GDP may not be a very good measure of Welfare.
(2) Real GDP is considered as the National income in India.
(3) The ratio of nominal to real GDP is known as GDP deflator.
(4) Real GDP is measured at base year prices.

99. निम्नलिखित में से कौन सा/से **सही** है ?

(A) स्टॉक को समय के एक निश्चित बिन्दु पर मापा जाता है जबकि प्रवाह को एक समयावधि पर मापा जाता है।

(B) जबकि, स्टॉक में परिवर्तन को एक विशेष समयावधि पर मापा जाता है।

(1) न (A) और न ही (B)
(2) (A) एवं (B) दोनों
(3) केवल (A)
(4) केवल (B)

100. कोविड की पीड़ा को रोकने हेतु किये गये उपायों को उनकी नीतियों से मिलान कीजिए :

| | ( उपाय ) | | ( नीति ) |
|---|---|---|---|
| (A) | नकद भुगतान | (i) | DDU - GKY |
| (B) | खाद्य सुरक्षा | (ii) | PM - किसान |
| (C) | स्किल विकास | (iii) | क्रेडिट गारंटी स्कीम |
| (D) | MSMEs | (iv) | एक राष्ट्र एक राशन कार्ड |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

101. निम्नलिखित में से कौन सा सही **नहीं** है ?

(1) जीडीपी कल्याण का एक बहुत अच्छा मापक नहीं भी हो सकता है।
(2) वास्तविक जीडीपी को भारत में राष्ट्रीय आय माना जाता है।
(3) अंकित एवं वास्तविक जीडीपी के अनुपात को जीडीपी अवस्फीतक के रूप में जाना जाता है।
(4) वास्तविक जीडीपी आधार वर्ष की कीमतों पर मापा जाता है।

102. According to Keynes, Investment demand depends upon ;

(A) Level of income.

(B) Marginal efficiency of capital.

(C) Rate of Interest.

(1) Only (A) and (C)

(2) All (A), (B) and (C)

(3) Only (A) and (B)

(4) Only (B) and (C)

102. किन्स के अनुसार, निवेश मांग निर्भर करता है :

(A) आय के स्तर पर।

(B) पूँजी की सीमान्त दक्षता पर।

(C) ब्याज दर पर।

(1) केवल (A) एवं (C)

(2) (A), (B) एवं (C) सभी

(3) केवल (A) एवं (B)

(4) केवल (B) एवं (C)

103. Who among the following remarked that "In the long-run, we are all dead."

(1) David Ricardo

(2) T.R. Malthus

(3) J.M. Keynes

(4) Adam Smith

103. निम्नलिखित में से किसने कहा कि ''दीर्घकाल में हम सभी मर चुके होते हैं''।

(1) डेविड रिकार्डो

(2) टी.आर. माल्थस

(3) जे.एम. किन्स

(4) एडम स्मिथ

104. Choose the **correct** option :

(1) $NNP_{MP} - NIT - Depreciation = GDP_{FC}$

(2) $NDP_{FC} + NIT - NFIA = GDP_{MP}$

(3) $GDP_{MP} - NIT - NFIA = GNP_{FC}$

(4) $GNP_{MP} - Depreciation + NIT = NNP_{FC}$

104. सही विकल्प का चयन करें।

(1) $NNP_{MP} - NIT - Depreciation = GDP_{FC}$

(2) $NDP_{FC} + NIT - NFIA = GDP_{MP}$

(3) $GDP_{MP} - NIT - NFIA = GNP_{FC}$

(4) $GNP_{MP} - Depreciation + NIT = NNP_{FC}$

105. Which of the following is **not** an assumption of classical theory of output and employment ?

(1) Wages and prices are fixed

(2) The quantity of Money is given

(3) Existence of full employment

(4) Labour is homogenous

105. निम्नलिखित में से कौन सा उत्पादन एवं रोजगार के पारम्परिक सिद्धान्त का एक मान्यता **नहीं** है ?

(1) मजदूरी एवं कीमतें स्थिर होना।

(2) मुद्रा की मात्रा दिया जाना।

(3) पूर्ण रोजगार का होना।

(4) श्रम की एकरूपता होना।

Prepp
Your Personal Exams Guide

106. Which of the following is **not** correct ?

(1) $1 < K < \infty$

(2) $0 < K < \infty$

(3) $0 < MPC < 1$

(4) $0 < MPS < 1$

Where; MPC = Marginal Propensity to Consume

MPS = Marginal Propensity to Save

K = Investment Multiplier

107. Which of the following is **not** included in the traditional functions of RBI ?

(1) Lending of Money

(2) To deal in Time Bill

(3) To act as clearing house

(4) Transfer of currency

108. Choose the **correct** option :

(A) The demand for money under speculative motive is a decreasing function of the rate of interest.

(B) In a situation of Liquidity Trap, Monetary Policy becomes ineffective.

(1) Both (A) and (B) are correct

(2) Neither (A) nor (B) is correct

(3) Only (A) is correct

(4) Only (B) is correct

106. निम्नलिखित में से कौन सा सही **नहीं** है ?

(1) $1 < K < \infty$

(2) $0 < K < \infty$

(3) $0 < MPC < 1$

(4) $0 < MPS < 1$

जहाँ; MPC = उपभोग की सीमान्त प्रवृत्ति

MPS = बचत की सीमान्त प्रवृत्ति

K = निवेश गुणांक

107. निम्नलिखित में से कौन सा आर.बी.आई. के परम्परागत कार्यों में शामिल **नहीं** है ?

(1) मुद्रा ऋण देना।

(2) समय-बिल का सौदा करना।

(3) क्लियरिंग हाऊस के रूप में का कार्य करना।

(4) मुद्रा का हस्तांतरण करना।

108. **सही** विकल्प का चयन करें :

(A) सट्टा उद्देश्य से मुद्रा की मांग ब्याज की दर का घटता फलन है।

(B) तरलता जाल की अवस्था में, मौद्रिक नीति निष्प्रभावी हो जाती है।

(1) (A) एवं (B) दोनों सही हैं।

(2) न (A) और न ही (B) सही है।

(3) केवल (A) सही है।

(4) केवल (B) सही है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

109. Choose the correct methods of estimating GDP :

(A) Income Method
(B) Revenue Method
(C) Value added Method
(D) Expenditure Method

(1) Only (A), (C) and (D) are correct
(2) Only (B), (C) and (D) are correct
(3) Only (A) and (B) are correct
(4) Only (A), (B) and (C) are correct

109. जीडीपी को मापने का सही विधि का चयन करें।

(A) आय विधि
(B) आगम विधि
(C) मूल्य वृद्धि विधि
(D) व्यय विधि

(1) केवल (A), (C) एवं (D) सही हैं।
(2) केवल (B), (C) एवं (D) सही हैं।
(3) केवल (A) एवं (B) सही हैं।
(4) केवल (A), (B) एवं (C) सही हैं।

110. The combined effect of the Multiplier and the accelerator is known as :

(1) Ratchet effect
(2) Leverage effect
(3) Transitory effect
(4) Demonstration effect

110. गुणांक एवम् त्वरक के संयुक्त प्रभाव को किस नाम से जाना जाता है ?

(1) राचेट प्रभाव
(2) उत्तोलन (Leverage) प्रभाव
(3) क्षणिक (Transitory) प्रभाव
(4) प्रदर्शन प्रभाव

111. Assumptions of Keynesian theory of Multiplier are :

(A) There is no change in investment
(B) Marginal Propensity to consume is constant
(C) Consumption is a function of current income

(1) Only (A) and (C)
(2) Only (B)
(3) Only (A) and (B)
(4) Only (B) and (C)

111. कीन्स के गुणांक सिद्धान्त के मान्यताएँ हैं :

(A) निवेश में कोई परिवर्तन नहीं होता है।
(B) उपभोग की सीमान्त प्रवृत्ति स्थिर है।
(C) उपभोग वर्तमान आय का फलन है।

(1) केवल (A) एवं (C)
(2) केवल (B)
(3) केवल (A) एवं (B)
(4) केवल (B) एवं (C)

112. If factor income received from abroad is higher than the factor payment made to abroad, then for this economy :

(1) GDP = GNP
(2) Can't be determined
(3) GDP > GNP
(4) GDP < GNP

112. यदि विदेशों से प्राप्त साधन आय विदेशों को किये गये साधन भुगतान से अधिक हो तो, इस अर्थव्यवस्था में :

(1) GDP = GNP
(2) कहा नहीं जा सकता
(3) GDP > GNP
(4) GDP < GNP

Prepp
Your Personal Exams Guide

113. Arrange the following states in descending order as per official estimates of Poverty Headcount Ratio of 2011-12.

(A) Bihar
(B) Jharkhand
(C) Chhattisgarh
(D) Odisha

(1) (C), (B), (A), (D)
(2) (A), (C), (D), (B)
(3) (C), (D), (B), (A)
(4) (A), (B), (C), (D)

114. GDP at constant prices is lower than GDP at current prices during a period of :

(1) Inflation
(2) Stable prices
(3) Deflation
(4) Falling costs

115. Which of the following states has total fertility rate above 2 as per NFHS – 5 ?

(1) Odisha
(2) Chhattisgarh
(3) Uttar Pradesh
(4) Haryana

116. **Assertion (A) :** Transfer Payments are not to be included in the national income estimation.

**Reason (R) :** Transfer Payments are not earnings for factor services.

Choose the **correct** option from below :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not correct explanation of **(A)**.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(3) **(A)** is true but **(R)** is false.
(4) **(A)** is false but **(R)** is true.

113. गरीबी के कुल गणना अनुपात 2011 - 12 के आधिकारिक आकलन के अनुसार निम्नलिखित राज्यों को घटते क्रम में लगायें।

(A) बिहार
(B) झारखण्ड
(C) छत्तीसगढ़
(D) ओडिशा

(1) (C), (B), (A), (D)
(2) (A), (C), (D), (B)
(3) (C), (D), (B), (A)
(4) (A), (B), (C), (D)

114. स्थिर कीमत पर जीडीपी, वर्तमान कीमत पर जीडीपी से कम किस दौरान होता है ?

(1) मुद्रास्फीति के दौरान
(2) कीमत स्थिरता के दौरान
(3) अवस्फीति के दौरान
(4) लागत गिरने के दौरान

115. NFHS – 5 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में कुल प्रजनन दर 2 से ऊपर है ?

(1) ओडिशा
(2) छत्तीसगढ़
(3) उत्तर प्रदेश
(4) हरियाणा

116. **अभिकथन (A) :** राष्ट्रीय आय के आंकलन में हस्तांतरण भुगतान शामिल नहीं किया जाता है।

**तर्क (R) :** हस्तांतरण भुगतान साधन सेवाओं के बदले प्राप्तियाँ (आय) नहीं है।

निम्न में से **सही** विकल्प का चयन करें :

(1) **(A)** एवं **(R)** दोनों सही हैं पर **(R)**, **(A)** का सही व्याख्या नहीं है।
(2) **(A)** एवं **(R)** दोनों सही हैं एवं **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।
(3) **(A)** सही है पर **(R)** गलत है।
(4) **(A)** गलत है पर **(R)** सही है।

117. Functions of SEBI **does not** include :

(1) Protecting the interest of investors in Securities Market.

(2) Promoting the development of the Securities Market.

(3) Regulating the Security Market.

(4) Regulating the Foreign Exchange Market.

117. SEBI के कार्यों में शामिल **नहीं** किया जाता है :

(1) प्रतिभूति बाजार में निवेशकों के हित को सुरक्षित करना।

(2) प्रतिभूति बाजार के विकास को बढ़ावा देना।

(3) प्रतिभूति बाजार को नियंत्रण करना।

(4) विदेशी मुद्रा बाजार को नियंत्रण करना।

118. The Industrial Relation Code, 2020 subsumes which of the following labour laws ?

(A) Industrial Dispute Act, 1947

(B) Minimum Wage Act, 1948

(C) Trade Union Act, 1926

(D) Equal Remuneration Act, 1976

(1) Only (C) and (D)

(2) Only (A) and (C)

(3) Only (A) and (B)

(4) Only (A) and (D)

118. औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 में निम्नलिखित में से किन श्रम कानुनों को समाहित किया गया है ?

(A) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

(B) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948

(C) ट्रेड यूनियन अधिनियम, 1926

(D) समान परिश्रमिक अधिनियम, 1976

(1) केवल (C) एवं (D)

(2) केवल (A) एवं (C)

(3) केवल (A) एवं (B)

(4) केवल (A) एवं (D)

119. If both the regression coefficients are negative, the coefficient of correlation will be :

(1) Zero

(2) Cannot be determined

(3) Positive

(4) Negative

119. यदि दोनों प्रतिगामी (Regression) गुणांक ऋणात्मक हो तो सहसंबंध का गुणांक होगा :

(1) शून्य

(2) निर्धारण नहीं किया जा सकता

(3) धनात्मक

(4) ऋणात्मक

120. Fisher's ideal index is :

(1) Harmonic Mean of Laspeyre's and Paasche's index.

(2) Median of Laspeyre's and Paasche's index.

(3) Geometric Mean of Laspeyre's and Paasche's index.

(4) Arithmetic Mean of Laspeyre's and Paasche's index.

120. फिशर का आदर्श सूचकांक है :

(1) लस्पेर्य का हरात्मक माध्य एवम् प्राशे का सूचकांक।

(2) लस्पर्य का माध्यिका तथा प्राशे का सूचकांक।

(3) लस्पेर्य का ज्यामितिय माध्य एवम् प्राशे का सूचकांक।

(4) लस्पेर्य का अंकगणितीय माध्य एवम् प्राशे का सूचकांक।

Prepp
Your Personal Exams Guide

121. The correct formula to calculate Karl Pearson's coefficient of correlation in case of ungrouped data is :

(1) $\gamma = \dfrac{\Sigma xy}{\sqrt{\Sigma x^2 - \Sigma y^2}}$

(2) $\gamma = \dfrac{\Sigma xy}{\sqrt{\Sigma x^2 \cdot \Sigma y^2}}$

(3) $\gamma = \dfrac{\Sigma xy}{\sqrt{\Sigma x^2 + \Sigma y^2}}$

(4) $\gamma = \dfrac{\Sigma x + y}{\sqrt{\Sigma x^2 \cdot \Sigma y^2}}$

121. गैर-समूह आंकड़े के संदर्भ में कार्ल पियरसन के सह सम्बन्ध गुणांक को मापने का सही फार्मूला कौन-सा है?

(1) $\gamma = \dfrac{\Sigma xy}{\sqrt{\Sigma x^2 - \Sigma y^2}}$

(2) $\gamma = \dfrac{\Sigma xy}{\sqrt{\Sigma x^2 \cdot \Sigma y^2}}$

(3) $\gamma = \dfrac{\Sigma xy}{\sqrt{\Sigma x^2 + \Sigma y^2}}$

(4) $\gamma = \dfrac{\Sigma x + y}{\sqrt{\Sigma x^2 \cdot \Sigma y^2}}$

122. Which of the following statistical measures is not affected by extremely large or small values ?

(A) Standard deviation
(B) Arithmetic Mean
(C) Median
(D) Coefficient of Variation

(1) Only (B)
(2) Both (A) and (C)
(3) Both (B) and (C)
(4) Only (C)

122. निम्न में से कौन-सा सांख्यिकी माप बहुत बड़ी या बहुत छोटी संख्याओं (values) से प्रभावित नहीं होता है ?

(A) मानक विचलन
(B) अंकगणितीय माध्य
(C) माध्यिका
(D) विचरण गुणांक

(1) केवल (B)
(2) (A) और (C) दोनों
(3) (B) एवम् (C) दोनों
(4) केवल (C)

123. An index number is considered good when it satisfies :

(1) Unit test
(2) Both time reversal and factor reversal test
(3) Time reversal test
(4) Factor reversal test

123. एक सूचकांक को सही समझा/माना जाता है जब वह ________ को संतुष्ट करता है।

(1) यूनिट परीक्षण
(2) समय विपरण एवम् साधन विपरण परीक्षण दोनों
(3) समय विपरण परीक्षण
(4) साधन (Factor) विपरण परीक्षण

Prepp
Your Personal Exams Guide

124. If the distribution is negatively skewed then :

(1) Median > Mode > Mean

(2) Mode > Median > Mean

(3) Mode < Median < Mean

(4) Mean > Mode > Median

125. If the values of Mean and Median are 15 and 25 respectively; what will be the value of Mode ?

(1) 35

(2) 30

(3) 45

(4) 40

126. According to Budget 2023-24, the fiscal deficit target of GoI for the year 2023-24 is :

(1) 4.9 percent of GDP

(2) 4.2 percent of GDP

(3) 6.4 percent of GDP

(4) 5.9 percent of GDP

127. As per Budget 2023-24, the effective capital expenditure of Govt. of India is :

(1) 19.6 lakh crore

(2) 13.7 lakh crore

(3) 37.3 lakh crore

(4) 23.7 lakh crore

124. यदि वितरण ऋणात्मक के साथ एक पक्षीय (skewed) हो तब :

(1) माध्यिका > बहुलक > माध्य

(2) बहुलक > माध्यिका > माध्य

(3) बहुलक < माध्यिका < माध्य

(4) माध्य > बहुलक > माध्यिका

125. यदि माध्य एवम् माध्यिका का मान क्रमश: 15 एवम् 25 हैं तो बहुलक का मान कितना होगा ?

(1) 35

(2) 30

(3) 45

(4) 40

126. बजट 2023-24 के अनुसार, वर्ष 2023-24 के लिए भारत सरकार के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य है :

(1) जीडीपी का 4.9 प्रतिशत

(2) जीडीपी का 4.2 प्रतिशत

(3) जीडीपी का 6.4 प्रतिशत

(4) जीडीपी का 5.9 प्रतिशत

127. बजट 2023-24 के अनुसार, भारत सरकार का प्रभावी पूँजी व्यय है :

(1) 19.6 लाख करोड़ रुपये

(2) 13.7 लाख करोड़ रुपये

(3) 37.3 लाख करोड़ रुपये

(4) 23.7 लाख करोड़ रुपये

Prepp
Your Personal Exams Guide

128. According to Budget 2023-24, which of the following is **correct** ?

(A) Corporation tax contributes more than the GST.

(B) Contribution of GST is higher than Borrowings and other liabilities.

(1) Both (A) and (B)
(2) Neither (A) nor (B)
(3) Only (A)
(4) Only (B)

128. बजट 2023 - 24 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा **सही** है ?

(A) निगम कर का योगदान जी.एस.टी. (GST) से अधिक है।

(B) जी.एस.टी. का योगदान उधार एवं अन्य देयताएं से अधिक है।

(1) (A) एवं (B) दोनों
(2) न (A) और न ही (B)
(3) केवल (A)
(4) केवल (B)

129. As per Budget 2023-24, each rupee that Govt. of India spends, the highest portion is spent on :

(1) Interest Payments
(2) States share of Taxes and Duties
(3) Defence
(4) Subsidies

129. बजट 2023-24 के अनुसार, भारत सरकार द्वारा खर्च किये गये प्रत्येक रुपये में अधिकतम खर्च किस पर किया जाता है ?

(1) ब्याज भुगतान
(2) करों एवं शुल्कों में राज्यों का हिस्सा
(3) रक्षा
(4) सब्सिडी

130. Which of the following is **correct** regarding Budget proposal for the year 2023-24 ?

(A) Total size of the Budget is more than ₹ 45 lakh crore but borrowings and other liabilities of Govt. of India has increased in 2023-24 compared to Revised estimates of 2022-23.

(B) The Revenue deficit for the year 2023-24 is still more than ₹ 8.6 lakh crore.

(1) Both (A) and (B)
(2) Neither (A) nor (B)
(3) Only (A)
(4) Only (B)

130. 2023 - 24 के लिए बजट प्रस्ताव के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा **सही** है ?

(A) बजट का कुल आकार ₹ 45 लाख करोड़ रुपये से अधिक का है परन्तु 2023-24 में भारत सरकार की उधार एवं अन्य देयताएं 2022-23 के संशोधित अनुमान के मुकाबले अधिक है।

(B) 2023-24 के लिए राजस्व घाटा अभी भी ₹ 8.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

(1) (A) एवं (B) दोनों
(2) न (A) और न ही (B)
(3) केवल (A)
(4) केवल (B)